
# न्यूज़लेटर

31 मार्च, 2026





## संकट के समय नेतृत्व क्षमता



पिछले एक महीने से, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण पूरी दुनिया अनिश्चितता के दौर से गुज़र रही है। कई संघर्षों के बीच भी, भारत का नेतृत्व हमेशा मज़बूत, दृढ़ और सशक्त बना रहा था। राहुल गांधी ने लगातार यह बात कही है कि किसी एक व्यक्ति का हित देश के हित से बड़ा नहीं हो सकता। दुर्भाग्य से, PM मोदी ने सिर्फ़ खुद को और अपने दोस्तों को बचाने के लिए, भारत की ऊर्जा सुरक्षा और जनता को जोखिम में डाल दिया है।

## संघर्ष की कीमत जनता क्यों चुकाए




राहुल गांधी ने चेतावनी दी कि इस संघर्ष के भारत के लिए गंभीर परिणाम होंगे। दुनिया के 20% तेल निर्यात वाले मुख्य मार्ग- होर्मुज स्ट्रेट में रुकावट पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि इसका बोझ आम लोगों को उठाना पड़ रहा है- छोटे व्यवसायों, रेस्टोरेंट, रेहड़ी-पटरी वालों और उन परिवारों को, जो गुज़ारा करने के लिए परेशान हैं। पूरे देश में LPG सिलेंडरों के लिए लंबी लाइनें लगी हैं, फिर भी सरकार ने लोगों की तकलीफ़ों से पूरी तरह मुंह मोड़ लिया है।

**संसद में राहुल गांधी का भाषण यहां देखें।**

## दिल्ली अमेरिका के आगे झुक रही है?




राहुल गांधी ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की नींव होती है। उन्होंने सरकार से सीधा सवाल किया कि भारत अमेरिका को यह तय करने की अनुमति क्यों दे रहा है कि हम अपनी ऊर्जा किससे खरीदें? उन्होंने साफ कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की ऊर्जा संप्रभुता को अमेरिका के हाथों में सौंप दिया है। भारत जैसे इतने बड़े देश के लिए यह ठीक नहीं है कि उसे रूस से तेल खरीदने के लिए किसी और देश से पूछना पड़े।

राहुल गांधी की मीडिया के साथ बातचीत यहां देखें।

## मोदी के समझौतों की कीमत भारत क्यों चुकाए?



राहुल गांधी ने कहा कि शुरुआत में उन्हें समझ नहीं आया कि प्रधानमंत्री भारत के हितों को क्यों बेच रहे हैं। फिर उन्हे वजह समझ आई : दरअसल कोम्प्रोमाईज़ होने के कारण भारत के हितों को भेंट चढ़ा दिया गया। उन्होंने खुलासा किया कि अमेरिका आज भारत पर शर्तें इसलिए थोप पा रहा है, क्योंकि मोदी जी गौतम अदानी को अमेरिकी कानूनी कार्रवाई से बचाने के लिए किसी भी हद तक झुकने को तैयार हैं। लेकिन कोम्प्रोमाईज़ का ये जाल और भी गहरा है। इसमें मंत्री हरदीप सिंह पुरी की अपराधी जेफ़री एपस्टीन के साथ दोस्ती भी शामिल है, जो भारत की संप्रभुता को कमज़ोर करने और हमारे राष्ट्रीय हितों के साथ विश्वासघात करने का एक और ज़रिया बन गई है।

# चुनाव 2026
## समावेशी भारत का रास्ता दिखाते हुए



## केरलम के लिए यूडीएफ का विज़न

केरलम में राहुल गांधी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि CPM और BJP साथ मिलकर काम कर रहे हैं- उन्होंने इसे “CJP” नाम दिया।
उन्होंने केरलम के लोगों की गरिमा और सुरक्षा के लिए यूडीएफ की पाँच गारंटियां बताईं:




भाषण यहां देखें।

## भारत में रोजगार सृजन पर बात




तिरुवनंतपुरम के एक टेक्नोपार्क में आईटी पेशेवरों से बात करते हुए राहुल गांधी ने एक कड़वी सच्चाई सामने रखी- नौकरियां खत्म नहीं होतीं, वे एक जगह से दूसरी जगह स्थानांतरित हो जाती हैं। असली सवाल यह है: सरकार इन्हें हासिल करने में क्यों नाकाम हो रही है?
उन्होंने कहा कि आईटी सेक्टर अकेला लाखों लोगों को रोजगार नहीं दे सकता, लेकिन सरकार ने एक मज़बूत औद्योगिक आधार बनाने पर ध्यान नहीं दिया है। जहां दूसरे देश तेजी से मैन्युफैक्चरिंग बढ़ा रहे हैं, वहीं भारत मौके गंवा रहा है।

बातचीत यहां देखें।

## केरलम के युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाना



केरलम के इडुक्की में मेरियन कॉलेज में बातचीत में राहुल गांधी ने केरलम के राजनीतिक भविष्य पर बात की। उन्होंने कहा कि भविष्य का ये विजन ऐसा होना चाहिए जो समावेशिता, अवसरों और जनता को केंद्र में रखकर काम करे और युवाओं की उम्मीदों पर आधारित हो।

उन्होंने छात्राओं से भी बात की और केरलम की एकता और करुणा की भावना की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत के भविष्य को संवारने वाली सबसे मजबूत शक्ति महिलाएं ही हैं।

छात्राओं के साथ बातचीत यहां देखें।

साथ ही मेरियन कॉलेज का कार्यक्रम भी यहां देखें।

# संसद में राहुल गांधी

## जनसंसद



ट्रक और बस बॉडी निर्माता

राजस्थान के ट्रक और बस बॉडी निर्माताओं से बातचीत की जिन्होंने बताया कि सरकार के नए नियम और भारी शुल्क से उनके कारोबार के बंद होने का खतरा है। उनके साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की।



निकोबार प्रतिनिधिमंडल

ग्रेट निकोबार द्वीप से आए आदिवासी प्रमुखों से मुलाकात की जिन्होंने प्रस्तावित ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट के कई समुदायों और द्वीप के नाजुक इकोसिस्टम पर पड़ने वाले खतरों पर चिंता व्यक्त की।



ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता

ट्रांसजेंडर लोगों के साथ मिलकर अन्यायपूर्ण ट्रांसजेंडर पर्सन्स संशोधन बिल के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। ये बिल उनकी गरिमा, पहचान और स्वतंत्रता के संवैधानिक अधिकार पर सीधा हमला है।



ग्रामीण बैंक के SC-ST कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल

ग्रामीण बैंक के SC-ST कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात की, जिन्होंने दलित-आदिवासी कर्मचारियों को प्रमोशन से रोकने के लिए रोस्टर को पर्याप्त तरीके से लागू न करने पर अपनी चिंता जाहिर की।



## राहुल गांधी के सवाल

जहां एक तरफ राहुल गांधी ने लगातार जनता के जरूरी मुद्दों पर सवाल पूछे और सरकार को जवाबदेह ठहराने की कोशिश की, वहीं दूसरी तरफ सरकार किसी भी जवाबदेही से बचती रही।

## इन विषयों पर सवाल पढ़ें:

- MSP की कानूनी गारंटी
- गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स
- कृषि योजनाओं की प्रगति
- शैक्षिक संस्थानों में छात्र आत्महत्याएं
- आयुष्मान भारत योजना से प्राइवेट अस्पतालों का बाहर निकलना
- स्मार्ट सिटी मिशन
- ECHS के लिए बजट
- जासूसी के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग
- वन स्टॉप केंद्रों का कामकाज

# झलकियां



हरियाणा के गोहाना में किसान श्री संजय मलिक जी की बेटी के विवाह समारोह में शामिल हुआ।



लखनऊ में मान्यवर कांशीराम जी की जयंती पर सामाजिक परिवर्तन दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मान्यवर कांशीराम जी को भारत रत्न देने की मांग भी की।




ओबीसी कांग्रेस और अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की नेताओं को महिला सशक्तिकरण तथा राजनीति में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के महत्व पर संबोधित किया।



रमज़ान के पाक महीने के अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी जी के आवास पर आयोजित इफ़्तार में शामिल हुआ।



CRPF के असिस्टेंट कमांडेंट अजय मलिक से मुलाक़ात की, जिन्हें नक्सल-विरोधी अभियान के दौरान गंभीर चोटें आई थीं। उनकी बहादुरी और राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा सचमुच प्रेरणादायक है।



कांग्रेस पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस मुख्यालय में रंगों का त्योहार होली मनाया।



वडोदरा, गुजरात में आदिवासी अधिकार सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए आदिवासी समाज की चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए।



केरलम की प्राचीन मार्शल आर्ट कलारिपयाट्टू का अनुभव कर उसके अनुशासन, शक्ति तथा सांस्कृतिक समृद्धि का अनुभव किया।

न्यूज़लेटर को **सब्सक्राइब** करने के लिए यहां क्लिक करें